कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल –263001(उत्तराखण्ड)
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL, 263001 (UTTARAKHAND), INDIA

Office: 05942-236856 (Extn-328), Fax:05942235213

Email:rdc@kunainital.ac.in & sriccku@gmail.com, Website:www.kunainital.ac.in

Research and Development Cell

पत्रांक: के.यू./ आर.डी.सी./प्री-पी.एच.डी./2025-26/1455 दिनांक: 06.04.2026

विज्ञप्ति

कुमाऊँ विश्वविद्यालय की प्री-पी.एच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा 2024-25 परिणाम एवं शोध रूपरेखा जमा करने के संबंध में

एतद्द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय की प्री-पी.एच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है । शोधार्थी कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट से परीक्षा परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं ।

प्री-पी.एच.डी. कोर्स वर्क सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि शोध रूपरेखा (Synopsis) जमा करने हेतु आवश्यक पंजीकरण आवेदन पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट: https://www.kunainital.ac.in/read-pdf?slug=https://kunainital1973.s3.ap-south-1.amazonaws.com/uploads/page/doctoral-programme/Ph.D.%20Registration%20and%20synopsis%20submission%20form%20as%20per%20KU%20Reserach%20Ordinance%202023(1)-1731765013.pdf&i=1 से डाउनलोड किया जा सकता है ।

उपरोक्त क्रम में उत्तीर्ण शोधार्थी निम्न विवरणानुसार शोध रूपरेखा शोध अनुभाग में जमा करना सुनिश्चित करें:

1. पंजीकरण फ़ार्म का मूल्य: रू.1100/- मात्र
2. पंजीकरण शुल्क:

   रू.2200/- मात्र 06.04.2026 से 05.06.2026 तक

   रू.2700/- मात्र 06.06.2026 से 15.06.2026 तक (रू.500/- विलम्ब शुल्क के साथ)

   रू.3200/- मात्र 16.06.2026 से 25.06.2026 तक (रू.1000/- विलम्ब शुल्क के साथ मात्र)

यह भी सूच्य है कि शोधार्थियों को अपने आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाणपत्र एवं प्री-पी.एच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा उत्तीर्ण अंकपत्र संलग्न करना सुनिश्चित करें ।

समस्त शोधार्थियों को शोध रूपरेखा की पांच प्रतियां अपने शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष, कुमाऊँ विश्वविद्यालय से अग्रसारित करवाकर निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक पत्रजात के साथ जमा करना अनिवार्य होगा ।

दिनांक 25.06.2026 के पश्चात किसी भी प्रकार का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

निदेशक
शोध एवं विकास प्रकोष्ठ
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. प्राचार्य, समस्त राजकीय महाविद्यालय/ शोध केन्द्र, संबद्ध, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल|
2. निजी सचिव, कुलपति जी को, मा. कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ|
3. कुलसचिव कार्यालय, सूचनार्थ एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु ।
4. सम्पादक,अमर उजाला. नैनीताल,व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशन हेतु|
5. सम्पादक,आज, व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशन हेतु
6. सम्पादक, दैनिक जागरण, व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशन हेतु|
7. सम्पादक,उत्तर उजाला, व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशन हेतु|
8. कार्यालय प्रति ।

निदेशक